INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI(2nd lang.)	**Department: Hindi**	
पाठ – 8- 'साथी हाथ बढ़ाना'(गीत)	Topic: प्रश्नोत्तर तथा व्याकरण भाग	Note: Pl. write in your note book

पाठ -8- **'साथी हाथ बढ़ाना'(गीत)**

प्रश्नोत्तर :-

प्रश्न -1- इंसान चाहे तो क्या कर सकता है ?

उत्तर - इंसान चाहे तो चट्टानों में भी रास्ता निकाल सकता है |

प्रश्न -2- हमारी मंजिल क्या है और हमारा रास्ता क्या है ?

उत्तर - हमारी मंजिल सच की मंजिल है और हमारा रास्ता भलाई का रास्ता है |

प्रश्न - 3- किसके सहारे इंसान अपना भाग्य बना सकता है ?

उत्तर - मेहनत के सहारे इंसान अपना भाग्य बना सकता है |

प्रश्न -4- गीतकार कहाँ राहें पैदा करने की बात कह रहा है ?

उत्तर - गीतकार चट्टानों में राहें पैदा करने की बात कह रहा है |

प्रश्न -5- साथी की मदद मिल जाने पर क्या फायदा होता है?

उत्तर - अगर साथी की मदद मिल जाए तो कठिन काम भी आसान हो जाता है।

प्रश्न -6- फौलादी शब्द का क्या अर्थ है ?

उत्तर - फौलादी शब्द का अर्थ है -लोहे की तरह मज़बूत।

प्रश्न -7- हमारी मेहनत का लाभ पहले किसे मिलता था ?

उत्तर - हमारी मेहनत का लाभ पहले विदेशियों को मिलता था।

प्रश्न -8- पानी की एक-एक बूँद मिलकर क्या बन जाती है ?

उत्तर - पानी की एक-एक बूँद मिलकर नदी बन जाती है।

प्रश्न -9- 'सागर ने रस्ता छोड़ा, परबत ने सीस झुकाया'--- साहिर ने ऐसा क्यों कहा है?

उत्तर - साहिर ने ऐसा इसलिए कहा है क्योंकि एकता में इतनी शक्ति होती है कि वह बड़ी से बड़ी रुकावटों को भी दूर कर सकती है|सागर और पर्वत तो एक उदाहरण हैं यदि मनुष्य मिलकर काम करे तो कठिन लक्ष्य भी आसान हो जाता है |

प्रश्न 10 - गीत में सीने और बाँहों को फ़ौलादी क्यों कहा गया है?

उत्तर - ईश्वर ने हमारी बाँहों और सीने को असीम ताकत दी है| यह ताकत हवाओं का रुख मोड़ सकती है और आसमान को भी झुका सकती है| यही कारण है कि गीत में सीने और बाँहों को फौलादी कहा गया है |

प्रश्न 11- यह कविता हमें क्या प्रेरणा देती है ?

उत्तर - यह कविता हमें मिलजुल कर काम करने की , एक दूसरे की मदद करने, देश के लिए सोचने और मेहनत करने की प्रेरणा देती है| यह कविता देशवासियों को एक सूत्र में बाँधने का काम करती है |

शब्दार्थ :-

1-साथी – दोस्त,मित्र / Friend

2-हाथ बढ़ाना – सहायता करना / To Help

3-अकेला – जब कोई साथ न हो / Alone

4-थक – थकना / Tired

5-मिलकर बोझ उठाना – मिल-जुलकर काम करना/ Work together

6-मेहनत वालों – मेहनत करने वाले लोग

7-कदम बढ़ाना – आगे चलना (Walk forward)

8-सीस झुकाया – सिर झुकाना (Head Bow)

9-फ़ौलादी – मज़बूत (Strong)

10 -चट्टान– कड़े पत्थर (Rock)

11-पैदा कर दें राहें – रास्ता निकल देना (Drive out)

12-लेख की रेखा – भाग्य में लिखा होना (Written in luck)

13-गैरों – पराये लोग (Other People)

14-खातिर– के लिए (For)

15 - मंज़िल– लक्ष्य (Destination, Aim)

16- नेक– अच्छा (good)

17 -कतरा– बूँद (Drop)

18 - दरिया– नदी (River)

19 - ज़र्रा– कण (Particle)

20- सेहरा– रेगिस्तान (Desert)

21 -राई– (Mustard seed)

22 -इंसाँ– आदमी (Human)

व्याकरण भाग -

प्रश्न 1 - निम्नलिखित शब्दों से दो- दो पर्यायवाची बनाइए -

1 - रात्रि - रात , निशा , रजनी
2 - जननी - माता , माँ , अंबा
3 - नरेश - राजा , भूप , नृप
4 - अग्नि - आग , अनल , पावक
5 - गृह - घर , भवन , आलय
6 - सिंह - वनराज , केसरी , शेर
7 – साथी - मित्र , सखा , दोस्त

प्रश्न- 2 निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए -

1- आगे - पीछे
2- राग - विराग
3- लाभ - हानि
4- आग - पानी
5- दिन - रात
6- आज - कल
7- आदि - अंत
8- भारी - हल्का

प्रश्न 3 –निम्नलिखित मुहावरों को वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

1 - टालमटोल करना - (बहाना बनाना) - मैंने उससे पूछा टालमटोल मत कीजिए साफ बताइए आप मेरी मदद करेंगे या नहीं ।

2-तारीफ के पुल बाँधना (अत्यधिक प्रशंसा करना)- आज तो नेताजी के चमचों ने उनकी झूठी तारीफों के पुल बाँध दिए ।

3 –बाएँ हाथ का खेल- (आसान कार्य)- इस प्रश्न का हल करना तो मेरे लिए बाएँ हाथ का खेल है।

4- हवा से बातें करना- (बहुत तेज़ दौड़ना)- महाराणा प्रताप का घोड़ा चेतक तो हवा से बातें करता था।

5- नीचा दिखाना- (अपमानित करना) - जो दूसरों को अकारण ही नीचा दिखाने की कोशिश करते रहते हैं , एक दिन स्वयं गड्ढे में गिरते हैं।

प्रश्न - 4 निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए –

1- मनोज कभी-कभी शहर जाता है ।	कभी-कभी
2- मीना की कक्षा में 50 विद्यार्थी हैं ।	50
3- मेरे पिताजी मीठे सेब लाए।	मीठे
4- मौसी एक दर्जन केले लाई।	एक
5- मेरे पास कुछ रुपये हैं।	कुछ
6- दूध में थोड़ी शक्कर मिला दो।	थोड़ी
7 - बाहर कोई आदमी खड़ा है।	कोई
8- मुझे छठी कक्षा में जाना है ।	छठी
9- यहाँ लोग पीले वस्त्र पहनते हैं।	पीले
10- दाल में पानी कम है।	कम

****